भारत सरकार
युवा कार्यक्रम और खेल मंत्रालय
(खेल विभाग)
राज्य सभा
अतारांकित प्रश्न संख्या 2393
उत्तर देने की तारीख 20 मार्च, 2025
29 फाल्गुन, 1946 (शक)

इंडियन ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025

2393 श्री एस. निरंजन रेड्डी:

क्या युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि :

(क) क्या सरकार दिल्ली में आयोजित इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 के दौरान गंभीर वायु प्रदूषण के बारे में खिलाड़ियों द्वारा जतायी गई चिंताओं से अवगत है;

(ख) क्या यह सच है कि भारतीय बैडमिंटन संघ को टूर्नामेंट से केवल चार दिन पहले ही स्टेडियम मिलता है, जिससे संभार तंत्र संबंधी कठिनाइयां होती हैं, यदि हां, तो विलम्ब के क्या कारण हैं;

(ग) क्या यह भी सच है कि भारतीय खेल प्राधिकरण प्रदूषण और अवसंरचनात्मक चिंताओं के कारण टूर्नामेंट को वैकल्पिक स्थल पर स्थानांतरित करने पर विचार कर रहा है; और

(घ) क्या टूर्नामेंट के स्थल के संभावित परिवर्तन के बारे में विश्व बैडमिंटन महासंघ से कोई आधिकारिक सम्प्रेषण किया गया है, यदि हां, तो तत्संबंधी ब्यौरा क्या है ?

उत्तर

युवा कार्यक्रम और खेल मंत्री
(डॉ. मनसुख मांडविया)

(क) से (घ) इस मंत्रालय ने भारत में बैडमिंटन खेल के संवर्धन और विकास के लिए भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) को राष्ट्रीय खेल परिसंघ (एनएसएफ) के रूप में मान्यता दी है। इंडिया ओपन बैडमिंटन टूर्नामेंट 2025 भारतीय बैडमिंटन संघ (बीएआई) के तत्वाधान में आयोजित किया गया था। बीएआई ने सूचित किया है कि वायु प्रदूषण की शिकायत केवल एक विदेशी खिलाड़ी ने की है, जो टूर्नामेंट के पहले दौर में अपना मैच हार गई थी। बैडमिंटन विश्व महासंघ (बीडब्ल्यूएफ) ने आयोजन स्थल को मंजूरी दी थी और टूर्नामेंट सफलतापूर्वक आयोजित किया गया था।

*****